लोकसभा अध्यक्ष ने जम्मू और कश्मीर के मुख्यमंत्री श्री मुफ़्ती मोहम्मद सईद के निधन पर शोक व्यक्त किया

नई दिल्ली, 7 जनवरी 2016 : लोकसभा अध्यक्ष ने जम्मू और कश्मीर के मुख्यमंत्री श्री मुफ़्ती मोहम्मद सईद के निधन पर शोक व्यक्त किया है।

अपने सन्देश में श्रीमती महाजन ने कहा : "मुझे श्री मुफ़्ती मोहम्मद सईद के निधन के बारे में जानकर दुःख हुआ। श्री सईद जनकल्याण में गहरी प्रतिबद्धता वाले एक अनुभवी नेता थे जिनकी लोकतात्रिक मूल्यों में दृढ़ आस्था थी। जम्मू और कश्मीर के मुख्यमंत्री के रूप में उन्होंने राज्य के लोगों पर अपनी अमिट छाप छोड़ी। वह एक ऐसे दूरदर्शी नेता थे जिन्होंने एक संगठित और सुदृढ़ जम्मू और कश्मीर तथा देश की एकता और अखंडता के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया। मैं श्री सईद के शोकसंतप्त परिवार के सदस्यों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करती हूँ।"